**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 26.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– महिला एवं बाल विकास विभाग विकसित भारत के लक्ष्य पर कर रहा कार्य, महिला सशक्तिकरण और बच्चों के समग्र विकास पर जोर।**

2. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने "आदिनिवास" डिजिटल ऐप का किया शुभारंभ ,कहा– रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसरों को मिलेगा बढ़ावा।**

3. **धनबाद सदर अस्पताल के 'युवा मैत्री केंद्र' को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में देशभर में मिला तीसरा स्थान।**

4. **राज्यभर में पड़ रही है भीशण गर्मी, राज्य के उत्तर प"चमी जिलों में आज और कल लू की चेतावनी।**
5. **रांची में आयोजित 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए किया क्वालिफाई।**

***************************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि उनका मंत्रालय वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के एजेंडे पर कार्य कर रहा है। गिरिडीह परिसदन में अपने तीन दिवसीय दौरे के बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय महिलाओं के सशक्तिकरण से लेकर बच्चों के शारीरिक और समग्र विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम कर रहा है।

***************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची स्थित ऑड्रे हाउस में **"आदिनिवास" डिजिटल ऐप** का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह ऐप देशभर के आदिवासी समुदाय को एक मंच पर जोड़ने के साथ–साथ उनकी संस्कृति, भाषा, परंपरा और जीवनशैली के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि "आदिनिवास" ऐप रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसरों को बढ़ावा देगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऐप के संस्थापक नितिन कुजूर और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे आदिवासी समाज के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

***************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज स्कूली शिक्षा, साक्षरता, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कल वित्त और जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

***************************

राज्यभर में आज से एक महीने तक विशेष महाअभियान चलाकर दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में छापामारी कर नियमों के अनुपालन की जांच की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा बाजार में अनियमितताओं पर रोक लगाना है।

***************************

रांची के कई वार्डों के पार्षदों ने उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात कर शहर की मूलभूत समस्याओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा सरकारी योजनाओं को लागू करने को लेकर चर्चा की। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से आम लोगों तक योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सकता है। बैठक में महिला सुरक्षा, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण तथा नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकर जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी पार्षदों को प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

***************************

धनबाद के सदर अस्पताल के 'युवा मैत्री केंद्र' को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी बेहतर परामर्श और सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है। सदर अस्पताल को किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवा, साप्ताहिक आयरन एवं फोलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता योजना समेत अन्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह उपलब्धि हासिल हुई है।

***************************

सरकार देश में पेट्रोलियम उत्पादों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यह बात कही।

***************************

जमशेदपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि पुलिस ने इन अपराधियों के पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

***************************

राज्यभर में भीषण गर्मी पड़ रही है। पलामू, गढ़वा, चतरा समेत राज्य के उत्तर पश्चिमी भाग में आज और कल लू की चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 45 दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। राजधानी रांची का

अधिकतम तापमान उनचालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विभाग ने धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा में वज्रपात और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि रांची, खूंटी, गुमला और रामगढ़ में वज्रपात का पूर्वानुमान है।

***************************

राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एक रिपोर्ट–

***************************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने पट्रोल डीजल में हुई मूल्य वृद्धि की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– 11 दिन में पट्रोल दो रुपये 61 पैसा और डीजल दो रुपये 71 पैसा हुआ महंगा।

**दैनिक भास्कर** ने राज्य में बालू की किल्लत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**हिंदुस्तान** ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है एनटीए ने गलतियों से नहीं ली कोई सबक।

**दैनिक जागरण ने** राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार उतारने के निर्णय की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*************समाप्त*****************